कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी

(महानिदेशक,गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)

जलेब चौक,जयपुर।

ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593

Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37(2299)गृरगु/पीएसएएल/2020/9758-60 दिनांकः– 10 SEP 2020

कार्यालय आदेश

मैसर्स : रक्षक सिक्यूरिटाज प्रा.लि. लाईसेन्स संख्या 805/CD&HG HQ (S-Cell)/ 2014 दिनांक 09.05.2014 वैद्यता 08.05.2024 (निजी सुरक्षा अभिकरण) को पूर्व लाईसेन्स अवधि (2014 से 2019 तक) में निजी सुरक्षा अभिकरण के संचालन के दौरान प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 एवं राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के प्रावधानों का उल्लघंन करने पर कार्यालय पत्र क्रमांक 13904 दिनांक 30.05.2020 के द्वारा कारण पृच्छा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया। आवेदक द्वारा निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर अनुज्ञाधारक श्री विनय कुमार सिंह को मूल निवास पते पर स्मरण पत्र क्रमांक 918 दिनांक 17.01.2020 जारी किया गया गया। यह स्मरण पत्र डाक विभाग की टिप्पणी "पाने वाला नहीं मिला" अंकित किया जाकर वापस इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। इसके फलस्वरूप कार्यालय आदेश क्रमांक 4541–4543 दिनांक 23.03.2020 के द्वारा उक्त अभिकरण के लाईसेन्स को निलम्बित किया गया एवं अभिकरण का निरीक्षण करने हेतु समादेष्टा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, जयपुर को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5529 दिनांक 30.04.2020 द्वारा लिखा गया। समादेष्टा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, जयपुर से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि उक्त अभिकरण का लाईसेन्स दिनांक 23.03.2020 को निलम्बित कर दिया गया है, परन्तु अभिकरण द्वारा वर्तमान में 23 सुरक्षा गार्डस नियोजित किये हुये है, जो प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 04 के तहत प्रावधानों का स्पष्ट उल्लघंन है। अतः अनुज्ञाधारक को कार्यालय पत्र क्रमांक 8402–03 दिनांक 05.08.2020 के द्वारा पुनः कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया।

अनुज्ञाधारक द्वारा दिनांक 18.08.2020 को कारण पृच्छा नोटिस का स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर निवेदन किया कि निलम्बन आदेश पारित होने के बाद से किसी भी सुरक्षा कर्मचारी को तैनात नहीं किया गया है। मौजूदा अनुबन्धों के तहत तैनात सुरक्षा गार्ड भी कानून की पालना करते हुये हटा लिये गये थे व निरीक्षण रिपोर्ट में जो वर्तमान में गार्ड दिखाये गये है वह सिर्फ एजेन्सी के रोल पर है, परन्तु कहीं नियोजित नहीं है। अनुज्ञाधारक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक पाये जाने पर उक्त लाईसेन्स संख्या 805/CD&HG HQ (S-Cell)/ 2014 दिनांक 09.05.2014 वैद्यता 08.05.2024 (निजी सुरक्षा अभिकरण) को पुनः बहाल किया जाता है।

(राजीव दासोत IPS)
(नियंत्रक प्राधिकारी)
महानिदेशक
गृह रक्षा, राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्री विनय कुमार सिंह पुत्र श्री प्रभूनाथ सिंह निवासी मकान नं. डी–252, मधु विहार, पोस्ट डी.के. मोहन गार्डन, वेस्ट दिल्ली–110059 एवं कार्यालय पता 34/337, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अद्यतन (अपलोड) करने बाबत।

(राजीव दासोत IPS)
(नियंत्रक प्राधिकारी)
महानिदेशक
गृह रक्षा, राजस्थान,
जयपुर

Scanned by CamScanner